क्रमांक : एफ/प्रशा/प्रवेश/2013/7731

दिनांक 24/02/2013

प्रति,

समस्त विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक/
अधिकारी/समस्त अध्ययनशाआऐं/विभाग
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

विषय :— विज्ञापन प्रकाशन के संबंध में।

महोदय

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि, वर्तमान में विश्वविद्यालय द्वारा विज्ञापनों का प्रकाशन म0प्र0 शासन जन सम्पर्क विभाग के माध्यम से कराया जा रहा है। जन सम्पर्क विभाग के संयुक्त संचालक (विज्ञापन) से हुई चर्चानुसार/निर्देशनुसार कोई भी विज्ञापन विश्वविद्यालय से फेक्स करने पर प्रकाशित नही किया जावेगा। विज्ञापन केवल डाक द्वारा प्राप्त होने पर ही प्रकाशित किए जावेंगे। अतः आपके विभाग का कोई भी विज्ञापन/निविदा जिसे प्रकाशित किया जाना है, प्रशासन विभाग की प्रवेश शाखा में विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 20 दिवस पूर्व प्राप्त हो जाना चाहिए। विज्ञापन अंग्रेजी एवं हिन्दी दोनो भाषाओं में होना चाहिए। अतः अनुरोध है कि निर्धारित समय—सीमा में ही विज्ञापन प्रवेश शाखा में भेजे जावें ताकि निर्धारित तिथि में विज्ञापन प्रकाशित हो सके।

कुलसचिव

प्रतिलिपिः—

1. वित्त नियंत्रक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. उप/सहायक कुलसचिव (प्रशा0), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. वेबसाइट प्रभारी जीवाजी विश्वविद्यालय, इस पत्र को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर तत्काल अपलोड करें।

उप/सहा0 कुलसचिव (प्रशासन)

E:/Jitendra/Arjun Sir/Letter